टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, सोमवार ,31 अगस्त 2026

युवा वोटर्स को साधने भाजपा का ओरछा में मंथन

मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित 350 नेता हुए शामिल

आज होगा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का समापन

नवभारतन्यूज,टीकमगढ़।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने ओरछा में रविवार को प्रदेश महामंत्रियों एवं संभाग प्रभारियों के साथ बैठक कर विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। मध्य प्रदेश बीजेपी की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 30 को शुरू हुई जिसका समापन आज 31 अगस्त से राम राजा की नगरी में होगा।

दरअसल ओरछा के प्रतिष्ठित राजमहल पैलेस और राजविलास होटल में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सहित लगभग कई वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में यह पहली कार्यसमिति की बैठक हुई। ऐसे में संगठन के लिहाज से इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन-2028 और युवा वोटरों को साधना है। इसके तहत आगामी विधानसभा, स्थानीय निकाय व सहकारिता चुनावों के लिए संगठनात्मक रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस बैठक की देखरेख प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ ने की। बैठक में भोपाल की नई डिजिटल सेवा शुरू, अब घर बैठे मिलेगा कई सुविधाओं का लाभ,मरीजों को मिलेगी राहत जैसे विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी आगामी तीन महीनों के लिए राज्यभर में चलाए जाने वाले अपने सांगठनिक अभियानों और कार्यक्रमों का खाका तैयार हुआ। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कमजोर बूथों और विपक्षी गढ़ों पर विशेष फोकस रहा।

इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान पर विशेष सत्र आयोजित हुआ। अनुसूचित जाति वर्ग के बीच पार्टी की पैठ मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। दिल्ली आंदोलन के बाद अन्य राज्यों में हुए प्रदर्शन के घटनाक्रम को देखते हुए डिजिटल माध्यम से युवा पीढ़ी को कैसे अपने पक्ष में किया जाए, इसको लेकर रणनीति बनेगी।

युवा मतदाता को संगठन से जोड़ने के लिए लंबे भाषणों के बजाय इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए सरकारी योजनाओं और विचारधारा के प्रचार की रणनीति पर विचार किया गया।

पदाधिकारियों सहित 41 सदस्य रहे शामिल

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, इंदर सिंह परमार, राव उदय प्रताप, तुलसी सिलावट , निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह आर्य, अरविंद भदौरिया, समेत कई अन्य नेता सहित 41 सदस्य, शामिल हुए।

लो-वोल्टेज की समस्या से परेशानी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

इन दिनों जरा सी बारिश या बादल गरजने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। जिससे शहर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

जनता में विश्वास बढ़ा रहा जनविश्वास

जनता में विश्वास बढ़ा रहा जनविश्वास . मध्यप्रदेश में सरकार ने जनता की समस्याएं सुनने के लिए हर शुक्रवार को जनविश्वास अभियान कैम्प लगाना शुरू कर दिया है . इसी क्रम में इस कैम्प का असर अब सीधे जनता में देखा जा रहा है . यह जनविश्वास जनता में सरकार के प्रति विश्वास फूंकने का काम रहा है . सरकार के निर्देश पर जिले के कलेक्टर अपने अमले साथ हर शुक्रवार को जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्या सुनते हैं और उनका मौके पर ही निराकरण करते हैं . टीकमगढ़ में कलेक्टर विवेक की मेहनत सरकार की छवि को और बेहतर बनाने का काम कर रही है . सरकार का जन विश्वास अभियान जिले में सफल होता दिखाई दे रहा है . यहां सरल स्वभाव के धनि कलेक्टर की पोस्टिंग से लोगों में उनके प्रति विश्वास जगा है . इसका फायदा निश्चित ही सरकार को पहुंचना भी लाजमी है . हालांकि कुछ ऐसे लोग भी हैं जो इसे महज खानापूर्ति बताते हैं, परन्तु जहां एक बार कैम्प हो जाए उसके बाद वहां के लोगों में भरोसा जगता दिखाई दे रहा है . कैम्प के बहाने अधिकारी औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं, जिससे कई कमियां सामने दिखाई दे रही हैं, फिर इन कमियों को सुधारा भी जा रहा है।

मुंह पर राम बगल में छुरी

एक मुहावरा है . मुंह पर राम, बगल में छुरी . .अब आप सोच रहे होंगे कि इसके लिखने का मतलब क्या है . हां इसको लिखना इसलिए जरूरी है क्योंकि कुछ ऐसे बुद्विमान हैं . जो आपसे मिलेंगे तो मुंह पर ऐसी मलाईदार बातें करेंगे कि इनसे सगा कोई नहीं . लेकिन पीठ फेरते ही मुहावरे की छुरी इनके हाथ में होगी . यह बात बड़े साहब को समझनी ही पड़ेगी . हालांकि बड़े साहब बहुत ही उम्दा इंसान हैं . सिर्फ बड़े साहब को ही नहीं सत्तारूढ़ पार्टी में बैठे जिले के एकलौते विधायक एवं उनकी पार्टी की जिलाध्यक्ष भी इसका शिकार हो रही हैं . बात छोटी है पर सोचा जाए तो बहुत बड़ी है . इसलिए यही कहूंगा कि मिठबोलों से सावधान रहना ।

...आखिर में बात एक समाज के सदर चुनाव की

. . .आखिर में बात कर लेते हैं एक समाज के सदर चुनाव की . जिले से लगे पड़ोसी जिले में यह चुनाव संपन्न हो गए हैं, परन्तु अब इस जिले में भी इसका बिगुल बजने की तैयारी अंदरखाने शुरू हो गई . अब यह चर्चा कौन कर रहा है, कहां हो रही है . यह बात समाज के मुखिया ही बता सकते हैं ।

आमिर खान, दैनिक नवभारत

दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम, पुलिस ने कराया पीएम

नवभारत न्यूज

पलेरा।दिनऊ मंदिर के पास 26 अगस्त को हुई दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार पवन वंशकार 19 पिता राजीव वंशकार, निवासी बराना 26 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उनका इलाज चल रहा था, लेकिन हालत लगातार नाजुक बनी रही। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए पवन को दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया। हालांकि, आज दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलने पर बम्होरी कला पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

संचालकों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए। संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

किसानों को आसानी से मिल रहा खाद

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण को ध्यान में रखकर भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल एवं प्रदेश के उर्वरक विक्रेता रिटेलर के स्टॉक का मिलान करने हेतु 14 अप्रेल को शाम 7.00 बजे से उर्वरक विक्रय बंद किया गया हैं, मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। किसानों को तकलीफ़ नहीं होगी, 17 अगस्त से जितनी खाद चाइए उतनी मिलेगी, ताकि रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो गई है।

प्रदेश में रासायनिक उर्वरको का पर्याप्त भंडारण है, एक अप्रेल से अभी तक यूरिया की कुल उपलब्धता 17.04 लाख मीट्रिक टन थी, जिसमें से 12.83 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उठाव किसानो द्वारा किया गया हैं, वर्तमान में 4.21 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता हैं।

जबकि विगत वर्ष इसी समय यूरिया की उपलब्धता 1.60 लाख मीट्रिक टन थी। डीएपी एवं एन पी के की कुल उपलब्धता 11.20 लाख मीट्रिक टन थी। 17 अगस्त से जितनी खाद चाइए उतनी मिलेगी, ताकि रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो गई है।

हितग्राहियों के खाते में आई राशि

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गतदिवस निवास स्थित समत्व भवन से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 9,149 श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

80 हितग्राहियों के खाते में एक करोड़ 86 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित हुई। एनआईसी कक्ष से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया।

आईटीआई पोर्टल पर जानकारी दी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु 06वें सीएलसी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। इस चरण में नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं आवश्यकतानुसार चॉइस में सुधार की प्रक्रिया 29 अगस्त 2026 तक की जाएगी। अभ्यर्थी अधिकतम 5 चॉइस का चयन कर सकेंगे।

अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया 31 अगस्त 2026 को संस्था के कार्यालयीन समय प्रात: 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी केवल एक आईटीआई में एक व्यवसाय के लिए उपस्थिति दर्ज करा सकेगा।एक सितंबर 2026 को प्रात: 10 बजे आईटीआई पोर्टल पर व्यवसायवार मेरिट सूची जारी की जाएगी तथा संबंधित आईटीआई में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगी। यदि सीटें रिक्त रहती हैं, तो 3 सितंबर 2026 को वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की प्रक्रिया की जाएगी।

पेयजल में दवा छिड़काव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

सत्यापन उपरांत डाली जाएगी दूसरी किस्त

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में उप संचालक कृषि विभाग द्वारा परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित किसानों के सीधे खाते में एक करोड़ प्रोत्साहन राशि बैंक खाते में सीधे डी बी टी की गई है, शीघ्र ही पुन: दूसरी किस्त खेती के सत्यापन उपरांत एक करोड़ की राशि किसानों के खाते में डाली जायेगी।

परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने और उन्हें खेत से घर की रसोई तक जैविक एवं सुरक्षित खाद्य व्यवस्था अपनाने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। जिले के 60 गांवों में किसानों से लगातार संपर्क कर जैविक खेती के लिए किया जा रहा प्रशिक्षित। जैविक सब्जी, अनाज, दाल, चावल, दूध और तेल जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री को यथासंभव जैविक तरीके से पैदा करने के लिए देशी गाय के गोबर और गौमूत्र के महत्व पर चर्चा की जा रही है। किसानों का कहना है कि रासायनिक खेती के बढ़ते उपयोग को लेकर अब उन्हें गंभीरता से विचार करें।

गौशाला में तीन गायें मिलीं मृत, ग्रामीणों ने जताई चिंता

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले के पलेरा विकासखंड की ग्राम पंचायत जरूआ स्थित राधारानी गौशाला में गौवंश की दुर्दशा सामने आई है। गौशाला पहुंचे ग्रामीणों को तीन गायें मृत अवस्था में मिलीं। इसके अलावा, कई अन्य गोवंश गंभीर रूप से बीमार पाए गए। पूरी गौशाला दलदल में तब्दील हो चुकी है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गौशाला में गायों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि शासन से अनुदान मिलने के बावजूद गौवंश के लिए पर्याप्त चारा-पानी, उपचार और रखरखाव की व्यवस्था नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गौशाला परिसर में गंदगी का अंबार है और लंबे समय से साफ-सफाई न होने के कारण अस्वच्छ वातावरण बना हुआ है। उन्होंने मृत गौवंश की मौत के कारणों की जांच और आवश्यकतानुसार पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि यदि गौशाला को नियमित अनुदान मिल रहा है।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

पारदर्शी तरीके से रोजगार का मिला अवसर

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत डिजिटल लेबर चैक ऑफ एमपी मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। इस एप का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को बिचौलियों एवं एजेंटों के चंगुल से मुक्त कर सीधे नियोक्ताओं से जोड़ना तथा उन्हें सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक मोबाइल एप के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित इस एप के माध्यम से दैनिक वेतनभोगी एवं निर्माण श्रमिक बिना किसी एजेंट के सीधे नियोक्ताओं और रोजगार के अवसरों से जुड़ सकेंगे। एप के माध्यम से श्रमिक घर बैठे डिजिटल तरीके से अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुसार उपलब्ध रोजगार के अवसर तलाश सकेंगे।

इससे उन्हें रोजगार की तलाश में भौतिक लेबर चौकों पर असुरक्षित परिस्थितियों में घंटों खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली यात्रा

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी महाराज के समता, सामाजिक सद्भाव, मानव कल्याण एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत भेलसी से हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी उपस्थित रहे। इसके पश्चात यात्रा नगर परिषद खरगापुर, मनपसार, चंद्रपुर, कुड़ीला एवं चंदेरी सहित विभिन्न ग्रामों से होकर देरी पहुंची, जहां यात्रा का भव्य समापन किया गया। यात्रा के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगर क्षेत्रों में ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा पुष्पवर्षा तथा ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

दवा छिड़काव की मांग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

अत्यवस्था सड़कें खराब, कीचड़ में निकल रहे लोग

अवैध कॉलोनियों में नहीं मिलीं सुविधाएं, कच्ची सड़कों से परेशान

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। जिला मुख्यालय से सटी अवैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नगर पालिका के पीछे वैशाली नगर के पास स्थित कुंअरपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र की इन कॉलोनियों में सड़कें दलदल में बदल गई हैं, और बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं हैं। अवैध कॉलोनाइजरों ने सस्ते दामों पर प्लॉट बेचकर लोगों को मुसीबत में डाल दिया है। इसके अतिरिक्त, प्लॉटों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सभी कॉलोनाइजरों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम पंचायत कुंअरपुरा के सरपंच अखिलेश बिदुआ ने बताया कि पंचायत के पास निजी कॉलोनियों में सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त बजट नहीं है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनाइजरों ने सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया है। पंचायत में केवल आबादी वाले हिस्से में निर्माण कार्यों के लिए राशि आती है, जिसका उपयोग निजी कॉलोनियों में नहीं किया जा सकता।दरअसल, पिछले 10 वर्षों के दौरान शहर के आसपास की ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनियों का निर्माण हुआ है। कॉलोनाइजरों ने जमीन खरीदकर सस्ते दामों पर प्लॉट तो बेच दिए, लेकिन शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया। परिणामस्वरूप, अधिकांश कॉलोनियों में आज भी सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएँ नहीं हैं, जिससे प्लॉट खरीदकर मकान बनाने वाले लोग परेशान हैं।इस मामले में तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि कलेक्टर के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित आसपास की ग्राम पंचायतों के अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं।

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

इस मामले में तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि कलेक्टर के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित आसपास की ग्राम पंचायतों के अवैध कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्लॉटों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सभी कॉलोनाइजरों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलोनाइजरों ने जमीन खरीदकर सस्ते दामों पर प्लॉट तो बेच दिए, लेकिन शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं किया।

विभाग में मुहैया कराईं विभिन्न सेवाएं

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सहायक अधीक्षक डाकघर टीकमगढ़ द्वारा बताया गया है कि टीकमगढ़ प्रधान डाकघर में स्थापित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भारत डाक एवं विदेश मंत्रालय के समन्वय से संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सहायक अधीक्षक डाकघर टीकमगढ़ ने नागरिकों से अपील की है कि पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए टीकमगढ़ प्रधान डाकघर, जेल रोड, टीकमगढ़ स्थित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र से संपर्क करें। नागरिक पासपोर्ट आवेदन एवं अन्य संबंधित सेवाओं के लिए आधिकारिक पासपोर्ट सेवा पोर्टल के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सहायक अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया है कि टीकमगढ़ प्रधान डाकघर में स्थापित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भारत डाक एवं विदेश मंत्रालय के समन्वय से संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है।